अमर उजाला 16/04/2024

# सीएसए में छात्र अब ड्रोन टेक्नोलॉजी भी सीख सकेंगे

## विवि में अगले महीने से शुरू होगा सर्टिफिकेट कोर्स, 20 सीटों पर मिलेगा प्रवेश

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा देने के उद्देश्य से चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में अब ड्रोन टेक्नोलॉजी का सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होगा। कोर्स की शुरुआत मई से होगी। इसके लिए न केवल छात्र बल्कि किसान भी आवेदन कर सकेंगे। वहीं, विवि में नौ निशुल्क वैल्यू एडेड कोर्स की शुरुआत भी होगी। अगले सत्र में इनकी संख्या बढ़ाकर 25 करने की योजना है।

सीएसए में नए सत्र से काफी बदलाव देखने को मिलेंगे। ड्रोन की मदद से खेती करने, दवा का छिड़काव करने की जानकारी देने के उद्देश्य से विवि में ड्रोन टेक्नोलॉजी का कोर्स शुरू किया जा रहा है। इसमें 20 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। तीन महीने का यह सर्टिफिकेट कोर्स निरंतर जारी रहेगा और एक बैच के बाद दूसरा बैच शुरू हो जाएगा। इसके अलावा छात्रों के संपूर्ण विकास के लिए नौ वैल्यू एडेड कोर्स शुरु किए जा रहे हैं। यह कोर्स न केवल छात्रों का ज्ञान बढ़ाएंगे बल्कि नौकरी दिलाने की राह भी दिखाएंगे। यह कोर्सेज अलग अलग विभाग में शुरु किए गए हैं।



**9 निशुल्क वैल्यू एडेड कोर्स की भी विवि में होगी शुरुआत**

डीन एग्रीकल्चर सीएल मौर्या ने बताया कि किसी भी विभाग का छात्र किसी भी वैल्यू एडेड कोर्स में दाखिला ले सकेगा। क्लास के बाद विभाग में इन कोर्सेज की कक्षाएं संचालित होंगी। इसमें जाकर विद्यार्थी पढ़ाई कर सकेंगे, यह सभी कोर्स छात्रों के लिए निःशुल्क होंगे। इन्हें पूरा करने के बाद सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा।

### ये कोर्स होंगे शुरू

एग्री बिजनेस मैनजमेंट (एबीएम) विभाग में एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट, टाइम मैनेजमेंट और स्ट्रेस मैनेजमेंट कोर्स की शुरुआत होगी। एग्रोनामी में एग्रिकल्चर ड्रोन एंड इट्स एप्लीकेशन कोर्स, नैचुरल फार्मिंग कोर्स चलेगा। इसमें ड्रोन के ऑपरेशन और केमिकल रहित खेती के बारे में जानकारी दी जाएगी। एग्री बायोकेमिस्ट्री में एग्री इंडस्ट्रीयल बायोकेमिस्ट्री और फंडामेंटल आफ लैबोरेट्री टेक्निक्स कोर्स को चलाया जाएगा। सीड साइंस में क्वालिटी सीड प्रोडक्शन और हाइब्रिड सीड प्रोडक्शन कोर्स की पढ़ाई होगी।

**OFFICE OF THE REGISTRAR,**
**CHANDRA SHEKHARAZAD UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY,**
**KANPUR- 208002 (U.P.)**

No.CSAU/R-B.Sc. (Hons.)Ag.- 119 / 2023-24 Dated: April 15/4/ 2024

## NOTIFICATION-III

The Following students have been registered in **B.Sc.(Hons.)Lak/Hor./For/.Com.Sci./M.Sc. (Ag.)/Ph.D.** from different Semester during the session **-2023-2024.**

| SL.NO. | ID.NO. | NAME | ACADEMIC/COURSE |
|---|---|---|---|
| 1. | SRISHTI | CA-12571/23 | B.Sc.(Hons)Ag. -II Semester |
| 2. | NIKITA CHAOUDHARY | CA-12129/21 | B.Sc.(Hons)Ag. -VI Semester |
| 3. | PRACHI SINGH | CL-0410/22 | B.Sc.(Hons)Lakhimpur. -IV Semester |
| 4. | SATYA NARAYAN MAURYA | CL-0246/20 | B.Sc.(Hons)Lakhimpur. -VII Semester |
| 5. | ASHISH PAL | CF-0567/22 | B.Sc.(Hons)Forestry -IV Semester |
| 6. | ANKUR SINGH | CF-0568/22 | B.Sc.(Hons)Forestry -IV Semester |
| 7. | YUVRAJ SINGH | CF-0481/20 | B.Sc.(Hons)Forestry -VIII Semester |
| 8. | ABHAY SARANG | CF-0489/20 | B.Sc.(Hons)Forestry -VIII Semester |
| 9. | AKSHAY PRATAP SINGH | CF-0502/20 | B.Sc.(Hons)Forestry -VIII Semester |
| 10. | VIPIN CHAUDHARY | HR-0578/23 | B.Sc.(Hons)Horticulture -II Semester |
| 11. | VIDHI PANDEY | HR-0433/21 | B.Sc.(Hons)Horticulture -VI Semester |
| 12. | AMIT BHARTI | HR-0383/20 | B.Sc.(Hons)Horticulture -VIII Semester |
| 13. | SAKSHI PANDEY | CH-2072/23 | B.Sc.(Hons)Com. Science -VI Semester |
| 14. | ANSHIMA ARYA | CH-2033/20 | B.Sc.(Hons)Com. Science -VIII Semester |
| 15. | MANUSHI PAL | CH-2024/20 | B.Sc.(Hons)Com. Science -VIII Semester |
| 16. | DIVYA MISHRA | CH-2044/20 | B.Sc.(Hons)Com. Science -VIII Semester |
| 17. | AISHA KHANAM | CH-2029/20 | B.Sc.(Hons)Com. Science -VIII Semester |
| 18. | ADITI SINGH | CA-12789/23 | MBA(ABM) -II Semester |
| 19. | PRAFULL KUMAR | CA-12830/23 | MBA(ABM) -II Semester |
| 20. | GARVIT SHARMA | CA-12827/23 | MBA(ABM) -II Semester |
| 21. | VIKASH KUMAR | CA-12548/22 | MBA(ABM) -IV Semester |
| 22. | PRADUMN DUBEY | CA-12349/22 | MBA(ABM) -IV Semester |
| 23. | HARENDRA CHAUHAN | CA-12358/22 | MBA(ABM) -IV Semester |
| 24. | YAJENDRA RANA | CA-12342/22 | MBA(ABM) -IV Semester |
| 25. | PRANSHU UPADHYAY | CA-12375/22 | MBA(ABM) -IV Semester |
| 26. | RUDRANSHU SHUKLA | CA-12347/22 | MBA(ABM) -IV Semester |
| 27. | AVANTIKA AWASTHI | CH-2174/23 | MSc.(Comm. Science) II Semester [FRM] |
| 28. | SIDDHANT PARASHAR | CH-2150/22 | MSc.(Comm. Science) IV Semester [FSC] |
| 29. | RAGINI SINGH | CH-2126/22 | MSc.(Comm. Science) IV Semester [ECM] |
| 30. | SADHANA | CH-2128/22 | MSc.(Comm. Science) IV Semester [ECM] |
| 31. | YASHI GUPTA | CH-2147/22 | MSc.(Comm. Science) IV Semester [ECM] |
| 32. | RAGHVENDRA SINGH | CA-12676/23 | MSc.(Ag.) II Semester [SCWM] |
| 33. | PRATEEK SAXENA | CA-12258/22 | MSc.(Ag.) IV Semester [AGR] |
| 34. | SHIVAM VIHAN | CA-12431/22 | MSc.(Ag.) IV Semester [AGR] |
| 35. | AYUSH MISHRA | CA-12287/22 | MSc.(Ag.) IV Semester [GPB] |
| 36. | HEMANTH KUMAR | CA-12550/22 | MSc.(Ag.) IV Semester [GPB] |

डाआइजा जल मरठ पारक्षत्र मरठ कराने हेतु पत्र प्राषत किया जा चूका ह। विश्वास एव मादा का गारटा उन लागा का क लिए हमार पास आ रह ह आर एक बड़ा आद लाग उपास्थत रह।

# सीएसए में अंबेडकर जयंती मनाई गई

कानपुर (नगर छाया समाचार)। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कैलाश भवन में बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेड्कर की 133वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए बताया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मुनीश कुमार द्वारा अपने संबोधन में कहा कि संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेड्कर जी ने अपना पूरा जीवन अछूतों, महिलाओ एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की भलाई के लिए न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि वह एक महान अर्थशास्त्री तथा समाज सुधारक थे।जिन्होंने सामाजिक समरसता के लिए अहम भूमिका निभाई। डॉ मुनीश कुमार ने कहा कि वह देश के संविधान के शिल्पकार थे। यही कारण है कि उन्हें भारतीय संविधान का जनक भी कहा जाता है। डॉ भीमराव अंबेड्कर ने भारतीय कानून एवं शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में भी कार्य किया।इस अवसर पर भंडार क्रय अधिकारी डॉ कौशल कुमार, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ राजीव, प्रस्थापना अधिकारी डॉ संजीव शर्मा, सुरक्षा अधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह, गेहूं जनक डॉ सोमवीर सिंह तथा सेवानिवृत्ति अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ धर्म राज सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा छात्र-छात्राओं द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर शानदार प्रस्तुति भी दी गई।



# सीएसए केवीके ने मनाया स्वर्ण जयंती समारोह



कानपुर (नगर छाया समाचार)। चंद्र शेखर आजाद कृषि एवम प्रौद्योगिक विद्यालय कानपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दरियापुर के प्रभारी को कृषि विज्ञान केन्द्र के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में प्रसार निदेशक डॉ आर के यादव द्वारा मशाल सौंपी गई थी। समारोह कार्यक्रम के अवसर पर केन्द्र के प्रभारी डॉ आर पी एन सिंह ने सभी को बधाईयां देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि 1974 में प्रथम कृषि विज्ञान केंद्र पुदुचेरी में स्थापना के बाद देश के विभिन्न जनपदों में खुले केवीके द्वारा कृषि ,पशुपालन, मछली पालन, शहद उत्पादन और औद्यानिक उत्पादनों में निः संदेह बदोत्तरी हुई है।जिसमें के वी के की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने जनपद रायबरेली में गेहूं, धान के उत्पादन में हुई बढ़ोतरी तथा सहफसली खेती को बढ़ावा देने के विषय में बताया।केंद्र के वैज्ञानिकों ने अपने -अपने विषय से संबंधित तकनीकी उपलब्धियों के विषय में बताया।इस कार्य क्रम में 50 से भी अधिक किसानों एवं नवयुवकों ने उल्लासपूर्वक प्रतिभाग किया और के वी के की भूमिका की प्रशंसा की और कहा कि जिस तरह से वैज्ञानिक खेतों,खलिहानों तक जाकर तकनीकी जानकारी दे रहे हैं,उससे हमारा जीवन स्तर निश्चित रूप से बेहतर हो रहा है। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक एवं किसानों ने प्रतिभा किया।